सी-डॉट/डीईएल/निविदा- 2019-2020/006

निविदा आमंत्रण

विषय : खेप की पैकिंग, स्थानांतरण, प्रेषण एवं निर्गम के लिए दर अनुबंध

1.0 दूरसंचार प्रौद्योगिकी और उत्पादों के अनुसंधान एवं विकास कार्य में संलग्न भारत सरकार का संगठन सी-डॉट, **पैकिंग, स्थानांतरण, प्रेषण एवं निर्गम (केवल घरेलू हवाईअड्डे से) के लिए दर अनुबंध पर दरें उपलब्ध कराने हेतु** प्रतिष्ठित एजेंसियों/ कम्पनियों (जिन्हें इसके आगे ''बोलीकर्ता'' कहा जाएगा) से त्रैवार्षिक आधार पर ई-प्रोक्योरमेंट सीपीपी पोर्टल के माध्यम से दोहरी बोली प्रणाली के तहत (अलग तकनीकी और वित्तीय बोलियों) हस्ताक्षरित ऑनलाइन कोटेशन आमंत्रित करता है।

खेप में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं साधन, पीसी, सर्वर्स, असेम्बल्ड प्रिंटेड सर्किट बोर्ड्स, संघटक, मॉड्यूल्स और दूरसंचार मदें तथा कैबिनेट, रैक आदि जैसी यांत्रिक मदें शामिल होंगी।

दिल्ली में सी-डॉट कार्यालय का पता निम्नलिखित है :

सी-डॉट परिसर, मांडी रोड,
महरौली, नई दिल्ली- 110030

उपरोक्त सेवा अनुबंध तीन वर्ष के लिये कार्यादेश जारी होने की तिथि से - 31 मार्च, 2022 तक वैध होगा। हालांकि आपके कार्य निष्पादन का मूल्यांकन करने के लिये अनुबंध में तीन महीने का परिवीक्षाकाल शामिल होगा। सेवाएं संतोषजनक पाये जाने पर अनुबंध शेष अवधि के लिये बढ़ाया जाएगा।

2.0 <u>बोलियां जमा कराने के लिए दिशा-निर्देश</u> :

सी-डॉट दोहरी बोली निविदा प्रणाली का पालन करता है। इसलिये, इच्छुक बोलीकर्ताओं को निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करते हुए तकनीकी और वित्तीय बोलियां अलग-अलग जमा करानी होंगी।

2.1 **महत्वपूर्ण डेट शीट** : इस निविदा से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियों के विवरण के लिए कृपया एनआईटी दस्तावेज देखें।

2.2 बोली खोलने की तिथि के दिन अनापेक्षित कारणवश अवकाश होने पर बोली अगले कार्य दिवस पर यथा निर्धारित समय पर खोली जाएंगी।

2.3 दस्तावेज़ डाउनलोड करना: निविदा दस्तावेज़ सी-डॉट की वेबसाइट www.cdot.in (केवल संदर्भ के लिए) और केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल: https://eprocure.gov.in/eprocure/app (जिसे इसके आगे से सीपीपी पोर्टल कहा जाएगा)से 'महत्वूंपर्ण डेटशीट' में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार डाउनलोड किए जा सकते हैं।

2.4 बोली जमा करना : बोलियां केवल सीपीपी पोर्टल पर बोली जमा करने की अंतिम तिथि को या उससे पहले ऑनलाइन जमा की जाएंगी या, जैसा कि 'महत्वपूर्ण डेटशीट' में उल्लिखित है। फैक्स, ईमेल या ऑफलाइन मोड द्वारा भेजी गई बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

2.5 मुद्रा : मूल्य दरें मूल्य बोली प्रारूप के अनुसार सख्ती से केवल भारतीय रुपये में बीओक्यू प्रारूप में उद्धृत की जाएंगी।

2.6 एक बोलीकर्ता द्वारा इस निविदा के लिए एक से अधिक बोलियां जमा नहीं की जाएंगी।

2.7 बोलीकर्ता, जिसने सी-डॉट की वेबसाइट या सीपीपी पोर्टल से निविदा डाउनलोड की है, डाउनलोड मूल्य बोली किसी भी तरीके का परिवर्तन करने सहित निविदा प्रपत्र में किसी तरह बदलाव/संशोधन नहीं करेगा। यदि वह परिवर्तित/ संशोधित पाया गया, तो बोली पूरी तरह से खारिज कर दी जाएगी और ईएमडी को जब्त कर लिया जाएगा और बोलीकर्ता सी-डॉट के साथ व्यापार करने से प्रतिबंधित किया जा सकता है।

2.8 इच्छुक बोलीकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे निविदा जमा करने की अंतिम तिथि तक किसी भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/ संशोधन के लिए नियमित रूप से सी-डॉट की वेबसाइट और सीपीपी पोर्टल देखें।

<u>3.0 बोली से संबंधित शुल्क /प्रभार</u> :

3.1 निविदा शुल्क: निविदा शुल्क **1180/ रुपये** (मात्र एक हजार एक सौ अस्सी रुपए), 'सेंटर फॉर डिवेलपमेंट ऑफ टेलेमैटिक्स' के पक्ष में देय अहस्तांतरणीय डिमांड ड्राफ्ट (डीडी)/पे ऑर्डर के माध्यम से इस निविदा के प्रकाशन की तिथि को या उसके बाद खरीदा जाएगा और नई दिल्ली में देय होगा, जिसे किसी भी राष्ट्रीयकृत / अनुसूचित बैंक से प्राप्त किया जाएगा, जो उनकी तकनीकी बोली के साथ तीन महीने के लिए वैध होगा, को सी-डॉट को जमा कराना होगा और इस डीडी की स्कैन की गई कॉपी को पोर्टल पर तकनीकी बोली के साथ अपलोड किया जाएगा। सभी लागू बैंक शुल्क आवेदक द्वारा वहन किए जाएंगे और सी-डॉट के इस खाते पर उसका कोई दावा नहीं होगा।

3.2 बयाना राशि (ईएमडी): बयाना राशि (ईएमडी): 80,000 / - रुपये की ईएमडी डीडी / बैंक गारंटी (बीजी) के रूप में अनुलग्नक-V में दिए गए प्रारूप के अनुसार, सी-डॉट, दिल्ली कार्यालय को महत्वपूर्ण डेटशीट में दी गई नियत तिथि को या उससे पहले वास्तविक रूप से जमा करानी होगी।(संदर्भ के लिए एनआईटी दस्तावेज़ देखें)। उसके लिए बोलीकर्ताओं को बोली जमा करते समय अनुलग्नक- III में दिए गए प्रारूप के अनुसार वचन की स्कैन की गई कॉपी सीपीपी पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। बीजी 'बोली जमा करने की अंतिम तिथि' से 6 महीने के लिए वैध होगी। अगर ईएमडी डीडी के रूप में जमा कराई गई हो, तो यह तीन महीने के लिए वैध होनी चाहिए और यदि आवश्यक हो, तो 3 महीने के बाद इसका अगले 3 महीनों के लिए पुन: विधिमान्य कराने की आवश्यकता हो सकती है।

3.3 ईएमडी सभी श्रेणियों के बोलीकर्ताओं द्वारा देय होगी और केवल सरकारी निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और एसएसआई संगठनों को संबंधित प्रमाण प्रस्तुत करने पर छूट मिल सकती है। ईएमडी के बिना बोलियां सीधे तौर पर खारिज कर दी जाएंगी।

3.4 असफल बोलीकर्ताओं को ईएमडी राशि 'बोली जमा करने की अंतिम तिथि' या अनुबंध प्रदान किए जाने के महीने के भीतर 6, जो भी बाद में हो, बिना ब्याज के लौटा दी जाएगी।

3.5 सफल बोलीकर्ता के मामले में, ईएमडी (निविदाकारों) को केवल प्रतिभूति जमा/ निष्पादन बैंक गारंटी को भुनाने/ स्वीकृति के बाद ही बिना किसी ब्याज के लौटायी जाएगी। (प्रतिभूति जमा/बैंक गारंटी के बारे में जानकारी के लिए देखें धारा 9 देखें)

3.6 ईएमडी और निविदा शुल्क के बिना बोलियां सीधे तौर पर खारिज कर दी जाएंगी।

3.7 निविदा शुल्क और ईएमडी के संबंध में मूल दस्तावेजों की हार्ड कॉपी को दो अलग-अलग सीलबंद कवर में जिनमें निविदा संख्या, मद और नियत तारीख निर्दिष्ट की गई हो; महत्वपूर्ण डेटशीट में निर्धारित की गई 'बोली जमा करने की अंतिम तिथि' से पहले निम्नलिखित पते पर पहुंच जाने चाहिए -

मैनेजर- क्रय
'सेंटर फॉर डिवेलपमेंट ऑफ टेलेमैटिक्स'
सी-डॉट परिसर, मांडी रोड, महरौली
नई दिल्ली- 110030
टेलीफोन नंबर: 011-26802856, 011-26598707

ईमेल पता: : purchase@cdot.in

4. निविदा का निबंधन एवं शर्तें

4.1 सी-डॉट को बिना कोई कारण बताये निविदा स्वीकार/अस्वीकार करने अथवा किसी अंश या पूर्ण निविदा (निविदाओं) को वापस लेने का अधिकार होगा। सी-डॉट का निर्णय अंतिम होगा और उस पर सवाल नहीं उठाया जा सकता।

4.2 सी-डॉट को संविदा का संपूर्ण कार्य या भागों में भिन्न निविदाकारों में बांटने का अधिकार होगा। सी-डॉट का निर्णय अंतिम होगा और इस संदर्भ में किसी भी प्रश्न का उत्तर नहीं दिया जाएगा।

4.3 निविदाएं प्रत्येक संदर्भ में पूर्ण होनी चाहिए और अधूरी निविदाएं सरसरी तौर पर अस्वीकृत किये जाने का दायी होंगी। इस संदर्भ में सी-डॉट द्वारा कोई स्पष्टीकरण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

4.4 बोलीकर्ता द्वारा प्रत्युत्तर में कारोबार की निबंधन एवं शर्तें प्रस्तुत किये जाने पर, सी-डॉट द्वारा उन पर विशिष्ट तौर पर लिखित स्वीकृति नहीं दिये जाने तक सी-डॉट को उनके द्वारा नियंत्रित नहीं समझा जाएगा।

4.5 बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे निविदा के निबंधन व शर्तें सावधानी से पढ़ने के बाद ही अपनी निविदाएं जमा करायें। इस निविदा के परिणामस्वरूप मिलने वाली कोई भी संविदा, निविदा दस्तावेज में उल्लिखित निबंधन व शर्तों द्वारा नियंत्रित होगी और समझा जाएगा कि इस निविदा के लिये संविदा दर भेजने वाले बोलीकर्ता ने उन्हें पढ़ने और समझने के बाद बिना शर्त स्वीकार कर लिया है।

4.6 एल1 बोलीकर्ता का चयन : वित्तीय बोली बीओक्यू में दो शीट्स - बीओक्यू 1 और बीओक्यू 2 हैं।

कृपया ध्यान दें कि बोलीदाताओं को सभी मदों को बीओक्यू 1 में उद्धृत करना होगा, ऐसा न करने पर उनकी वित्तीय बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा। चूंकि बीओक्यू 1 में अधिकतम कार्य क्रम सं. 1 से 8 में किया गया है (मद संख्या 1 से 23) इन मद संख्याओं में अधिकतम श्रेणियों में एल1 की कीमतों को उद्धृत करने वाले बोलीकर्ता का चयन एल 1 बोलीकर्ता के तौर पर किया जाएगा।

बीओक्यू2 में उद्धृत दरें एल 1 तय करने का हिस्सा नहीं होंगी, क्योंकि सटीक मात्रा अभी तक ज्ञात नहीं है। हालांकि, इन शहरों में सामग्री की कुछ आवाजाही होगी और उन सेवाओं के लिए दरें इस बीओक्यू2 में उद्धृत दरों के अनुसार तय की जाएंगी। इसलिए, बीओक्यू2 में उल्लिखित सभी वस्तुओं के लिए कीमतें दिया जाना अनिवार्य है।

4.7 निम्न मामलों में ईएमडी राशि सी-डॉट द्वारा जब्त कर ली जाएगीः

क (इस निविदा के लिये प्राप्त होने वाली कोई भी वित्तीय बोली निविदा प्रपत्र में उल्लिखित निबंधन व शर्तों द्वारा नियंत्रित होगी। वित्तीय बोली प्रस्तुत करने के बाद, संविदा मिलने पर यदि निविदाकार संविदा का सम्मान करने में असफल रहता है, अथवा निविदा की किसी/सभी निबंधन और शर्तों का पालन करने से इंकार करता है।

ख (यदि बोलीकर्ता वित्तीय बोली की वैधता की अवधि के दौरान अपनी पेशकश को वापस लेता है।

ग (यदि सफल बोलीकर्ता संविदा के निबंधनों और शर्तों के अनुरूप निर्धारित समय में सेवा/आपूर्ति आरंभ करने में असफल रहता है।

घ (यदि सफल बोलीकर्ता निर्धारित समय में प्रतिभूति जमा) सिक्योरिटी डिपोजिट/(बैंक गारंटी प्रदान करने में असफल रहता है। इससे संविदा का समापन अथवा समाप्ति भी हो सकती है।

ड़) प्रदान की गई कोई भी सूचना गलत पाई जाए।

4.8 तकनीकी बोली में एजेंसी का विवरण शामिल होना चाहिए, जिसे अनुलग्नक'**I**' में संलग्न प्रारूप और विवरण धारा 7 के अनुसार भरा गया हो।

4.9 वित्तीय बोली में ऐसी सेवाएं प्रदान करने के लिए केवल दरें शामिल होनी चाहिए जिन्हें बीओक्यू में भरा जाना चाहिए और उन्हें केवल सीपीपी पोर्टल पर ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

4.10 सी-डॉट को **बिना कोई कारण बताये निविदा स्वीकार/अस्वीकार करने अथवा किसी अंश या पूर्ण निविदा (निविदाओं) को वापस लेने, पात्र पक्षों को संविदा का सम्पूर्ण या आंशिक कार्य प्रदान का अधिकार होगा, जिसमें सी-डॉट का निर्णय अंतिम होगा और उस पर सवाल नहीं उठाया जा सकता।**

4.11 सफल बोलीकर्ता को कार्य आदेश जारी होने के 15 दिन के भीतर 4,00,000 रुपये (चार लाख रुपए) की निष्पादन बैंक गारंटी (पीबीजी)/ प्रतिभूति जमा डिमांड ड्राफ्ट /बैंक गारंटी के रूप में विश्वसनीय निष्पादन के लिए जमा करनी होगी, जो अनुबंध की वैध अवधि के तीन महीने बाद तक वैध होनी चाहिए। अनुबंध समाप्त होने पर यह बिना ब्याज के लौट दी जाएगी। बैंक गारंटी के लिए प्रारूप इस निविदा दस्तावेज के अनुलग्नक VI में दिया गया है।

4.12 सी-डॉट को अनुबंध की स्वीकृति प्रदान करने से पूर्व किसी भी अवस्था पर निविदा की शर्तों में परिवर्तन करने का अधिकार होगा।

4.13 निविदाएं प्रत्येक संदर्भ में पूर्ण होनी चाहिए और अधूरी निविदाएं सरसरी तौर पर अस्वीकृत किये जाने का दायी होंगी।

4.14 कोटेशन जमा कराते समय किसी भी तरह का निबंधन एवं शर्ते, जिनका नोटिस हमारे द्वारा निविदा में नहीं दिया गया है, यदि उसे बाद के पत्र-व्यवहार के दौरान हमारे सामने प्रस्तुत किया जाता है, तो उस पर हम विचार नहीं करेंगे।

4.15 सी-डॉट का कार्यालय सी-डॉट परिसर, मांडी रोड, महरौली, नई दिल्ली में स्थित है।

4.16 हालांकि सी-डॉट की जरूरतों के आधार पर सेवाओं की आवश्यकता राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली और देश भर के शहरों में किसी भी स्थान पर पड़ सकती है। कृपया उन शहरों की सूची प्रदान करें जहां आपके कार्यालय हैं या आप सेवाएं प्रदान कर सकते हैं।

4.17 वर्ष में पैकिंग की आवश्यकता वाली खेपों की अनुमानित संख्या लगभग 250 होगी और लगभग 250 का स्थानांतरण, बुकिंग और निर्गम होगा। ये आंकड़े सी-डॉट के पिछले अनुभव / वर्तमान जरूरतों के आधार पर अनुमानित हैं। हालांकि इनमें बड़े/ मामूली बदलाव हो सकते हैं।

5.0 **<u>मूल्य एवं वैधता</u>**

5.1 मूल्य दरें मूल्य बोली प्रारूप के अनुसार सख्ती से केवल भारतीय रुपये में बीओक्यू प्रारूप में उद्धृत की जाएंगी।

5.2 सेवाएं प्रदान करने के बाद सी-डॉट को भेजे गये बिल की राशि से स्रोत पर ही कर वसूली की जायेगी। सहमत दरें संविदा की पूरी अवधि के दौरान यथावत रहेंगी। हालांकि न्यूनतम वेतन में किसी तरह का संशोधन और सरकार के करों में बदलाव होने की स्थिति में, जब भी ये अधिसूचित किये जाएंगे, प्रमाणिक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर ही इन पर विचार किया जाएगा।

5.3 प्रस्तावित बोली, तकनीकी बोली के खुलने की तारीख से न्यूनतम छह महीने की अवधि तक वैध होनी चाहिए।

5.4 छूट यदि कोई हो, तो वह सीधी और सरल होनी चाहिए। दरों की तुलना के उद्देश्य से दी गई सशर्त छूट के प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा। हालांकि सी-डॉट उसे लाभ के लिए प्राप्त कर सकता है।

6 **.अनुबंध की अवधि**

अनुबंध कार्य आदेश जारी होने की तिथि से 31 मार्च 2022 तक के लिये वैध होगा, हालांकि आपके कार्य

निष्प

पादन और सेवाओं का मूल्यांकन करने के लिये अनुबंध में तीन महीने का परिवीक्षाकाल शामिल होगा। परिवीक्षाकाल में सेवाएं संतोषजनक पाये जाने पर ही समान निबंधन और शर्तो के मुताबिक अनुबंध की अवधि शेष अवधि के लिये बढ़ायी जाएगी।

7. **चयन के लिए न्यूनतम पात्रता मानदंड:**

क) निगमन / उद्यम का प्रमाण पत्र।

ख) बोलीकर्ताओं का पिछले 03 वित्तीय वर्षों : 2016-17, 2017-18 और 2018-2019 में 20.00 लाख रुपये का औसत कारोबार होना चाहिए।

ग) बोलीकर्ताओं का जीएसटी पंजीकरण होना चाहिए। जीएसटी पंजीकरण प्रमाण पत्र जमा करानी चाहिए।

घ) वैध पैन संख्या की प्रति प्रस्तुत की जानी चाहिए।

ड़.) बोलीकर्ता को पैकिंग, स्थानांतरण, प्रेषण और अंतर्देशीय निर्गम के क्षेत्र में न्यूनतम तीन साल का अनुभव होना चाहिए।

च) बोलीकर्ता ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों 2016-17, 2017-18 और 2018-2019 में विशेषकर आईटी/ दूरसंचार/ इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों में समान प्रकृति के 10.00 लाख रुपये मूल्य के न्यूनतम दो अनुबंधों/बिलों को निष्पादित किया हो। **कृपया इनकी प्रतियां भी संलग्न करें।**

छ) पीएफ/ईएसआई पंजीकरण होना चाहिए। पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

ज) बोलीकर्ता को अनुलग्नक III और अनुलग्नक IV के अनुसार वचन प्रस्तुत करना चाहिए।

झ) बोलीकर्ता को अनुलग्नक I के अनुसार बोलीकर्ता का विवरण और इस अनुलग्नक के सभी प्रासंगिक दस्तावेज प्रस्तुत करने चाहिए।

8. सेवा अनुबन्ध की व्याप्ति/ दायित्व

- सी-डॉट प्रतिनिधि से व्यक्तिगत रूप से या फोन, फैक्स, ईमेल आदि पर निर्देश मिलने के 24 घण्टे के भीतर कार्य पूर्ण किया जाना चाहिए।
- एजेंसी को सी-डॉट से दस्तावेज प्राप्त होने के 24 घण्टे के भीतर खेप पहुंचाने का उचित प्रबंध करना चाहिए और मदों को अतिरिक्त देखभाल और सुरक्षा एहतियात के साथ पहुचाया जाना चाहिए। किसी माल की हानि/टूट-फूट/क्षति होने की स्थिति में उसके बराबर लागत सी-डॉट द्वारा निर्धारित दर पर आपके बिल से वसूल की जायेगी।
- **सी-डॉट की खेप के लिए बीमे का प्रबंध सी-डॉट द्वारा किया जाएगा।**
- **ईंधन (पेट्रोल/डीजल) की कीमतों में वृद्धि होने के बावजूद पूरी संविदा अवधि में कीमतें समान रहेंगीं। वैधानिक रूप से शुल्क में होने वाले बदलाव स्वीकार्य होंगे।**
- जीएसटी और अन्य वैधानिक शुल्कों को अलग से बताया जाना चाहिए। नियमों के अनुसार, लागू टीडीएस/जीएसटी या कोई भी अन्य वैधानिक कटौती भुगतान के समय बिल से की जाएगी।

- उद्धरित दरें तकनीकी बोली खुलने की तिथि से कम से कम 6 महीनों तक वैध होनी चाहिए।
- एजेंसी को उसे सौंपी गई सामग्री की बहुत अधिक देखभाल करनी होगी। एजेंसी के पास रहते हुए सामग्री को किसी तरह का नुकसान या हानि होने की स्थिति में, एजेंसी को उस नुकसान की भरपाई करनी होगी। नुकसान की सीमा अकेले सी-डॉट द्वारा निर्धारित की जाएगी।
- एजेंसी को खेपों की बुकिंग/निर्गम आदि के लिए शुरू में माल भाड़ा/विलम्ब-शुल्क का भुगतान करना होगा। इन शुल्कों की प्रतिपूर्ति वास्तविक प्राप्तियां प्रस्तुत करने पर बिलों की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर बिलों के साथ की जाएगी।
- एजेंसी पैकिंग और अग्रेषण के लिए आवश्यक शिष्ट, कुशल, मानव शक्ति/उपकरण/फास्टनर्स/वाहन/फर्नीचर प्रदान करेगी।
- यदि आवश्यक हो, तो उपरोक्त सभी सेवाओं का विस्तार सी-डॉट की फील्ड साइट्स तक भी किया जा सकता है।
- किसी भी खेप में किसी भी तरह का नुकसान/ टूट-फूट/ क्षति होने की स्थिति में, सी-डॉट द्वारा तय की गई दर पर उसकी लागत के बराबर राशि और जुर्माना, यदि कोई होगा,तो आपके बिल से वसूला जाएगा। इस संबंध में सी-डॉट द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।
- एजेंसी को वैध दस्तावेजों और अनुशासित चालकों के साथ अच्छी स्थिति वाले वाहन भेजने में सक्षम होना चाहिए। वाहन को तिरपाल से ढका जाना चाहिए ताकि ढुलाई के दौरान धूल/बारिश/गर्मी से वस्तुओं का बचाव हो सके।
- एजेंसी को जरूरत पड़ने पर छुट्टियों और काम के घंटों के बाद सहित दिन के दौरान उपरोक्त कार्यों को पूरा करने की आवश्यकता होगी। उन्हें विभिन्न स्थानों पर सामान पहुंचाने से पहले अच्छी तरह से पैकिंग की व्यवस्था करनी होगी।
- बोलीकर्ता एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें कहा गया होगा कि बोलीकर्ता के पास अनुलग्नक II में वर्णित शहरों में कार्यालय या संबद्ध कार्यालय हैं और वह इन शहरों में पैकिंग और प्रेषण सेवाएं प्रदान करने का इच्छुक/ सक्षम है।
- सी-डॉट के पास किसी भी समय बिना कोई कारण बताए पैकिंग या प्रेषण सेवा अनुबंध की शर्तों को रद्द या सीमित करने या अनुबंध की अवधि के दौरान असंतोषजनक पाए जाने पर अनुबंध की शर्तों में संशोधन करने के सभी अधिकार सुरक्षित हैं और समानांतर अनुबंध प्रदान कर सकता है।
- कृपया ध्यान दें कि कार्य निष्पादन असंतोषजनक पाये जाने पर अनुबंध को बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में, सी-डॉट के पास शेष कार्य

अन्य बोलीकर्ता के माध्यम से लागत पर करवा सकता है और संविदाकार/कार्य आदेश प्राप्त करने वाले व्यक्ति से उस राशि को वसूलने का अधिकार सुरक्षित है। ऐसी परिस्थितियों में प्रतिभूति जमा को जब्त कर लिया जाएगा।

- धारा 14 के अधीन (विवाद निपटारा), उपरोक्त निविदा से यदि किसी भी तरह का विवाद उत्पन्न होता है, तो उनको केवल दिल्ली पर क्षेत्राधिकार रखने वाले न्यायालयों को ही भेजा जाएगा।

8.1. पैकिंग सामग्री:

पैकिंग बॉक्स/क्रेट/सामग्री सर्वोत्तम व्यावसायिक प्रथाओं के अनुसार ठोस रूप से निर्मित होगी और पारगमन के दौरान लदान/उतराई करते समय होने वाली अत्यधिक कठिन हैंडलिंग का सामना करने के लिए सामग्री के वजन के सीधे अनुपात में पर्याप्त रूप से मजबूत होगी।

8.2 पैकिंग:

दरों में उल्लिखित पैकिंग शुल्क में एजेंसी द्वारा पेशेवर को किए गए भुगतान सहित उपरोक्त कार्य से संबंधित समस्त लागतें शामिल होंगी।

8.3 परिवहन:

परिवहन प्रभार में ट्रांसपोर्टर्स, रेलवे, एयरलाइंस आदि से खेप की बुकिंग और निर्गम के सेवा शुल्क शामिल होंगे। इसके अलावा, भुगतान बोओक्यू में उल्लिखित प्रति किलोमीटर स्लैब के अनुसार किया जाएगा। भेजा गया वाहन अच्छी स्थिति में होना चाहिए और चालक अनुशासित होना चाहिए।

8.4 प्रतीक्षा शुल्क :

विभिन्न औपचारिकताओं जैसे गेट पास की व्यवस्था करना, सामग्री उपलब्ध कराना (लदान और माल उतराई) इत्यादि को पूरा करने में सी-डॉट द्वारा लगाया गया समय 04 घंटे तक का माना गया है। यदि वाहन को 04 घंटे से अधिक समय तक प्रतीक्षा में रखा जाता है, तो सी-डॉट बोओक्यू में उल्लिखित दरों के अनुसार प्रतीक्षा शुल्क का भुगतान करेगा।

8.5 भुगतान;

भुगतान केवल बोओक्यू में उद्धृत दरों के आधार पर बिलों की प्राप्ति के बाद 30 दिनों के भीतर किया जाएगा।

8.6 माल भाड़ा/विलम्ब-शुल्क;

एजेंसी को खेपों के निर्गम/बुकिंग आदि के लिए शुरू में माल भाड़ा/विलम्ब-शुल्क का भुगतान करना होगा। इन शुल्कों की प्रतिपूर्ति वास्तविक प्राप्तियां प्रस्तुत करने पर बिलों के साथ की जाएगी।

घरेलू हवाईअड्डे से निर्गम में एजेंसी के कारण हुई देरी के मामले में विलम्ब-शुल्क उसी के द्वारा वहन किया जाएगा।

8.7 मार्किंग;

पैक किए गए प्रत्येक बक्से को स्पष्टता के साथ निम्नानुसार चिह्नित किया जाएगा:

प्रेषक का नाम / सी-डॉट नाम

खेप का नाम और पता

बक्से का आकार

बक्सों की संख्या]

9.वैधानिक आवश्यकताएं

- विभिन्न कानूनों और अन्य सभी आवश्यक वैधानिक आवश्यकताओं का पालन करने की जिम्मेदारी केवल संविदाकार की होगी। संविदाकार द्वारा तैनात कर्मचारियों को न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के प्रावधान के तहत कवर किया जाएगा और संविदाकार पीएफ/ईएसआई योगदान का भुगतान करेगा।
- कर्तव्यों का निर्वहन करते समय संविदाकार और उसके कर्मचारियों के बीच विवाद होने पर किसी कर्मचारी को चोट लगने, मृत्यु होने या कर्मचारी को नुकसान पहुंचने पर मुआवजा देने और इसके कारण हुए मुकदमे के निपटारे के लिए संविदाकार उत्तरदायी होगा।
- सफल बोलीकर्ता को कार्य आदेश जारी होने के 15 दिन के भीतर 4,00,000 रुपये (चार लाख रुपए) की निष्पादन बैंक गारंटी (पीबीजी)/ प्रतिभूति जमा डिमांड ड्राफ्ट /बैंक गारंटी के रूप में विश्वसनीय निष्पादन के लिए जमा करनी होगी, जो अनुबंध की वैध अवधि के तीन महीने बाद तक वैध होनी चाहिए। अनुबंध समाप्त होने पर यह बिना ब्याज के लौट दी जाएगी। बैंक गारंटी के लिए प्रारूप इस निविदा दस्तावेज के अनुलग्नक VI में दिया गया है।
- संविदा स्वीकार करने के बाद, यदि संविदा की किसी/सभी शर्तों का उल्लंघन हुआ, सी-डॉट को संविदा समाप्त करने का अधिकार होगा। ऐसे मामलों में प्रतिभूति जमा सी-डॉट द्वारा जब्त कर ली जाएगी।
- यदि 24 घंटे के भीतर कार्य नहीं किया गया, तो सी-डॉट प्रति दिन 1% की दर से या उस कार्य के लिए संविदाकार के बिल के कुल मूल्य के कुछ अंश का जुर्माना लगा सकता है।
    - सी-डॉट को अनुबंध प्रदान करने/अस्वीकार करने का अधिकार होगा। सी-डॉट का निर्णय अंतिम होगा और उस पर सवाल नहीं उठाया जा सकता।
    - केवल सी-डॉट को 15 दिन का पूर्व नोटिस देते हुए और बिना कोई कारण बताए संविदा समाप्त करने का अधिकार है।

- सी-डॉट को संविदा का संपूर्ण कार्य या भागों में भिन्न निविदाकारों में बांटने का अधिकार होगा। सी-डॉट का निर्णय अंतिम होगा और इस संदर्भ में किसी भी प्रश्न का उत्तर नहीं दिया जाएगा। सी-डॉट एकाधिक एजेंसियों को प्राथमिकता दे सकता है।
- सी-डॉट को बिना कोई कारण बताये किसी/सभी निविदाओं स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार होगा।
- लकड़ी के बक्से का नमूना सी-डॉट परिसर, मांडी रोड, मेहरौली, नई दिल्ली-110030 में अपराह्न 2:00 बजे और शाम 4.00 बजे के बीच देखा जा सकता है। कृपया श्री आनंद राजेश शंकर/सुश्री नलिनी/सुश्री सुनीला से फोन नंबर **26802856 / 26598238 / 26598237 / 26598217** पर संपर्क करें।

10. निविदा-पूर्व बैठक सी-डॉट परिसर दिल्ली में महत्वपूर्ण डेट टेबल में बताए गए कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी। (एनआईटी दस्तावेज)
इस संदर्भ में सभी प्रश्न (केवल*एक्सेयल प्रारूप में) ई-मेल के माध्यम से एनआईटी दस्तावेज में बतायी गई स्पष्टीकरण मांगने/प्रश्न पूछने की तिथि और समय तक सी-डॉट को मिल जाने चाहिये। निर्धारित तिथि और समय के बाद किसी भी प्रश्न का उत्तर नहीं दिया जाएगा।
निविदा-पूर्व बैठक में अधिकतम दो अधिकृत प्रतिनिधियों को भाग लेने की अनुमति होगी।

11. कोई भी स्पष्टीकरण नहीं मांगे जाने पर, यह मान लिया जाएगा कि बोलीकर्ता मानदंड/निर्दिष्ट जरूरत/प्रकाशित/ उल्लिखित जरूरत को पूरी तरह समझ चुके हैं और निविदा जमा कराते समय उसका पालन कर रहे हैं। निविदाकारों को इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि उपरोक्त तिथि के बाद स्पष्टीकरण के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
निविदा-पूर्व प्रश्नों के उत्तर सी-डॉट की वेबसाइट और सीपीपी पोर्टल पर अपलोड किये जायेंगे।
12. किसी भी तरह का पक्ष प्रचार बोलीकर्ता को अयोग्य ठहराने को आवश्यक बना देगा। किसी बोलीकर्ता के अन्य बोलीकर्ताओं को डराता धमकाता /निविदा प्रक्रिया को प्रभावित करता पाए जाने पर अयोग्य ठहराए जाने का दायी होगा।
13. क्षतिपूर्ति:

- आप इसके द्वारा सी-डॉट को न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, घातक दुर्घटना अधिनियम, मोटर वाहन बीमा अधिनियम, के तहत उत्पन्न हो सकने वाले सभी कार्यों, मुकदमों, कार्यवाहियों, दावों, नुकसान, क्षति, सड़क दुर्घटनाओं आदि के लिए क्षतिपूर्ति करने से सुरक्षित रखना होगा।

- श्रमिक क्षतिपूर्ति अधिनियम, दुकान और प्रतिष्ठान अधिनियम, पारिवारिक पेंशन और जमा लिंक्ड बीमा योजना या कोई अन्य अधिनियम या कानून जिसका विशेष रूप से उल्लेख नहीं किया गया है, लेकिन उन व्यक्तियों के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर लागू है, जिन्हें संविदाकार द्वारा इस अनुबंध के तहत संलग्न किया गया है।

- आप सी-डॉट का बचाव करेंगे, उसे सुरक्षित रखेंगे और इस अनुबंध के तहत सौंपे गए कार्य के कारण केंद्र, राज्य या स्थानीय प्रशासन द्वारा सौंपी जा सकने वाली जिम्मेदारी और सभी दावों, मुकदमों सहित किसी दुर्घटना से उत्पन्न हो, चाहे संविदाकार के कर्मचारियों / श्रमिकों द्वारा अथवा तीसरे पक्ष द्वारा या केंद्र या राज्य सरकार के प्राधिकारी या अनुबंध की अवधि के दौरान किसी भी उप-प्रभाग द्वारा उत्पन्न दायित्व से उसे हानिरहित रखेंगे।

- बोलीकर्ता किसी भी पेटेंट, ट्रेडमार्क, तीसरे पक्ष के कॉपीराइट के उल्लंघन, या लागू वैधानिक कानूनों, अधिनियमों, विनियमों, अध्यादेशों के उल्लंघन, या, लापरवाही या जानबूझकर किए गए कृत्यों और अपने स्तर पर की गई गलत बयानी के परिणामस्वरूप, सभी दावों, नुकसानों, देनदारियों, लागतों, नुकसानों, कार्यों, मुकदमों, कार्यवाही और खर्चों (यथोचित कानूनी शुल्क और लागतों सहित)से सी-डॉट की रक्षा, सुरक्षा करेगा और उसे कोई हानि नहीं होने देगा। ।

14. **विवाद निपटान :**

इस अनुबंध के तहत अस्तित्व, वैधता, व्याख्या, निष्पादन, समाप्ति या उल्लंघन के संबंध में सी-डॉट/डीओटी और बोलीकर्ता के बीच कोई विवाद, मतभेद या असहमति होने पर उसे सद्भाव से सौहार्दपूर्वक हल किया जाएगा। ऐसा न होने पर मामले को निपटाने के लिए समय-समय पर संशोधित भारतीय मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996के प्रावधानों के अनुसार मध्यस्थता के लिए रेफर किया जाएगा । कोई भी पक्ष विवाद को सी-डॉट/डीओटी के सक्षम प्राधिकारी द्वारा नामांकित एकमात्र मध्यस्थ को रेफर कर सकता है। मध्यस्थता कार्यवाही की भाषा अंग्रेजी होगी और मध्यस्थता का स्थान और क्षेत्राधिकार नई दिल्ली होगा। मध्यस्थता का फैसला अंतिम और दोनों पक्षों के लिए बाध्यकारी होगा।

15.देयता की सीमा:

1) संविदाकार के सभी दावों, लागतों, हर्जानों, खर्चों, नुकसानों के लिए कुल देयता, जो भी इस अनुबंध

से उत्पन्न या संबंधित होगी, अनुबंधकर्ता को देय अनुबंध के कुल मूल्य तक सीमित होगी।

2)हालांकि, पूर्ववर्ती सीमाएं उन सभी दावों, नुकसानों, हर्जानों, लागतों, कार्यों, वादों, कार्यवाहियों और उनसे संबंधित व्यय) उचित कानूनी शुल्क और लागत सहित (पर लागू नहीं होंगी, जो ठेकेदार द्वारा किए गए निम्नलिखित में से कोई भी/सभी कार्यों के परिणामस्वरूप होंगे:

क .तीसरे पक्ष की बौद्धिक संपदा का उल्लंघन

ख. लापरवाही से किए गए कार्य और गलत बयानी; एजेंसी / संविदाकार की आपराधिक लापरवाही और जानबूझकर किया गया दुराचार

ग .संविदाकार द्वारा सांविधिक कानूनों, अधिनियमों, विनियमों और अध्यादेशों का उल्लंघन, और इस तरह की सभी घटनाओं में, संविदाकार अपरिवर्तनीय रूप से सी-डॉट का बचाव, क्षतिपूर्ति करेगा और उसको नुकसान नहीं होने देगा।

3)किसी भी परिस्थिति में, कोई भी पक्ष- किसी भी अप्रत्यक्ष, आकस्मिक, परिणामस्वरूप, दंडात्मक या बिना सीमा के राजस्व की हानि या मुनाफे के नुकसान सहित विशेष हानि या हर्जाने के लिए चाहे ऐसा किसी भी कारण से हो, चाहे अनुबंध के उल्लंघन के कारण हुआ हो या नहीं, चाहे ऐसा गलत कार्य या किसी अन्य कारण से हुआ, चाहे उसका पूर्वाभास हुआ हो या नहीं और चाहे उसकी संभावना के बारे में सलाह दी गई हो या नहीं- दूसरे पक्ष के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

16.निषेध : आप यह सुनिश्चित करेंगे कि इस अनुबंध के तहत सी-डॉट में ड्यूटी पर रहने के दौरान सी-डॉट के कार्यालय परिसर के अंदर, उसके कर्मचारी (कर्मचारियों) धूम्रपान या कोई ज्वलनशील पदार्थ आदि ले जाने से परहेज करेंगे।

निविदा के उपरोक्त सभी निबंधन एवं शर्तें अनिवार्य हैं। कोई भी प्रकार का परिवर्तन / अनुपालन न करना स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अनुलग्नक-1

एजेंसी का विवरण

कृपया केवल नीचे दिए गए प्रारूप के अनुसार विवरण दें:

1.0	एजेंसी का नाम/पता मोबाइल/ दूरभाष/फैक्स नम्बर	
1.1	**वैधानिक आवश्यकतायें-** कृपया बतायें क्या एजेंसी पंजीकृत कंपनी/ मालिकाना/ सोसायटी है या दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम के तहत पंजीकृत है।**कृपया तदनुसार पंजीकरण की प्रति संलग्न करें**।	
1.2	*कर्मचारियों की संख्या*	
1.3	निदेशकों के नाम और उनके व्यवसाय	
1.4	***इस सेवा में अनुभव (वर्षों में)***	
2.0	**आपकी कम्पनी द्वारा संचालित कोई अन्य कारोबार**	
3.0	**ईपीएफ/ईएसआई पंजीकरण संख्या** (पंजीकरण की प्रति संलग्न करें)	
4.0	**जीएसटी नम्बर** (जीएसटी पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)	
4.0	**आय कर खाता संख्या/ पैन संख्या** तथा पिछले वित्तीय वर्ष में **प्रदत्त कर की राशि (कृपया उसकी प्रति संलग्न करें)**	

5.0	**पिछले तीन वित्तीय वर्षों में एजेंसी का सालाना टर्नओवर :** **(वित्तीय वर्ष 2016-2017, 2017-18, 2018-19)** **(कृपया इसके समर्थन में दस्तावेज संलग्न करें)**	
6.0	***बैंकर्स का नाम एवं पता***	
7.0	**पिछले 3 वर्षों के प्रमुख ग्राहकों की सूची** (संविदाओं और कार्य निष्पादन रिपोर्ट्स की प्रतियां संलग्न की जाएं)	
8.0	**अन्य किसी सूचना/दस्तावेज का विवरण, जो सम्भवतः अनुबंध प्रदान करने के लिये संविदाकार की क्षमताओं का आकलन करने में सी-डॉट की मदद करे।**	

शपथ :

मैं एतद् द्वारा प्रमाणित करता हूं कि उपरोक्त समस्त जानकारी मेरे ज्ञान के लिए सही है। आवश्यक होने पर सी-डॉट द्वारा इस दस्तावेज में से कोई भी या सभी सूचनाओं को संबंधित अधिकारियों से प्रमाणित कराए जाने पर मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

मैं यह भी प्रमाणित करता हूं कि निविदा दस्तावेज में वर्णित सभी निबंधन एवं शर्तों को मैंने भलीभांति समझ लिया है और एतदद्वारा सभी को पूरी तरह स्वीकार करता हूं।

मालिक/निदेशक के हस्ताक्षर   आधिकारिक सील/मोहर

स्थान :

दिनांक :

अनुलग्नक -II

निम्नलिखित शहरों में कार्यालय/संबद्ध कार्यालय के बारे में अनुपालन तालिका

[कृपया कॉलम संख्या 3 एवं 4 भरें]

क्रम सं.	शहर	स्वयं का कार्यालय/ संबद्ध कार्यालय	क्या एजेंसी सी-डॉट दिल्ली से शहर और शहर से सी-डॉट दिल्ली तक के लिए पैकिंग और प्रेषण सेवाएं प्रदान करेगी?
1	दिल्ली		
2	पुणे		
3	कोलकत्ता		
4	पंचकूला,हरियाणा		
5	लखनऊ		
6	उधमपुर, जम्मू-कश्मीर		
7	जयपुर		
8	शिमला		
9	मथुरा		
10	अंबाला		
11	दीमापुर,नागालैंड		
12	तेज़पुर, असम		
13	योल, कांगड़ा हिमाचल प्रदेश		
14	भटिंडा		
15	जालंधर		
16	जोधपुर		
17	लेह, जम्मू-कश्मीर		
18	श्रीनगर		
19	नगरोटा, जम्मू-कश्मीर		
20	रांची		
21	भोपाल		
22	सुखना, पश्चिम बंगाल		

23	चेन्नई		
24	बेंगलुरु		
25	गोवा		
26	मुंबई		
27	देहरादून		

कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त सूची में लगभग सभी अपेक्षित आवश्यकताएं शामिल हैं, हालांकि अनुबंध की अवधि के दौरान कुछ शहर जोड़े/ हटाए जा सकते हैं।

मालिक/निदेशक के हस्ताक्षर आधिकारिक सील/मोहर

स्थान :

दिनांक :

अनुलग्नक- III

शपथ

<u>निविदा संख्या:सी-डॉट/दिल्ली/निविदा//2019-20/006</u>

मैं एतद् द्वारा प्रमाणित करता हूं कि मैंने निविदा दस्तावेज के निबंधन एवं शर्तों के अनुरूप बयाना जमा करा दूंगा और उसका विवरण निम्नलिखित है:

सी-डॉट को किए जाने वाले भुगतान का विवरण

बोलीकर्ता का नाम	निविदा संख्या	उद्धृत की गई सेवा का नाम	डिमांड ड्रॉफ्ट नम्बर/तिथि	बैंक/शाखा का नाम

दिनांक : _______________ हस्ताक्षर:_______________

स्थान : _______________ नाम : _______________

पद

कम्पनी/बोलीकर्ता की मोहर:

अनुलग्नक- IV

शपथ पत्र

<u>निविदा संख्या:सी-डॉट/दिल्ली/निविदा//2019-20/006</u>

मैं/ हम प्रमाणित करते हैं कि निविदा दस्तावेज में वर्णित सभी शर्तों का मैंने/ हमने भलीभांति अध्ययन कर लिया है, उन्हें समझ लिया है और एतदद्वारा सभी को पूरी तरह स्वीकार करते हैं एवं मैं/ हम इस दस्तावेज पर ....की हैसियत से प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता हैं।
मैं/ हम उपरोक्त निविदा दस्तावेज(दस्तावेजों)/शुद्धिपत्र(शुद्धिपत्रों) में उल्लिखित निविदा शर्तों को बिना शर्त पूर्णत:/ समग्रता से स्वीकार करते हैं।
मैं/ हम प्रमाणित करते हैं कि हमारी एजेंसी/ कंपनी को पिछले तीन वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी ग्राहक संगठन (सरकारी सहित) द्वारा व्यवसाय करने से ब्लैकलिस्ट/ प्रतिबंधित नहीं किया गया है।
मैं/हम प्रमाणित करते हैं कि निविदा दस्तावेज के प्रत्युत्तर में दी गई सभी सूचना सही है और हम उसका पालन करते हैं। अगर किसी भी समय यह सूचना गलत पाई जाती है तो सी-डॉट को अनुबंध रद्द करने तथा प्रतिभूति जमा राशि जब्त करने सहित हमारे खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार होगा।
मैं/हम एतद् द्वारा पुष्टि करते हैं की हम दिए गए अनुबंध की शर्तों के अनुरूप सेवाएं प्रदान करेंगे तथा ऐसा करने में असफल रहने पर सी-डॉट को हमारे जोखिम और लागत पर वैकल्पिक व्यवस्था करने का अधिकार होगा. हम यह भी पुष्टि करते हैं असंतोषजनक सेवाओं के मामले में सी-डॉट को हमारे खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार होगा।
यदि मेरी/हमारी बोली स्वीकार कर ली गई, तो मैं/हम कार्य आदेश के कुल संविदा मूल्य के 10 प्रतिशत के लिए कार्य निष्पादन बैंक गारंटी उपलब्ध कराएंगे, जो संविदा की अवधि समाप्त होने के तीन महीने बाद तक वैध होगी। संविदा के निष्ठापूर्वक निष्पादन के तौर पर पीबीजी दिए गए प्रारूप के अनुसार सी-डॉट द्वारा कार्य आदेश जारी किए जाने की तिथि से 2 सप्ताह के भीतर दाखिल करनी होगी।

जब तक एक औपचारिक समझौता तैयार और कार्यान्वित नहीं हो जाता, तब तक उसके लिए आपकी लिखित स्वीकृति और कार्य प्रदान करने की अधिसूचना सहित हमारी बोली की पेशकश, हमारे बीच एक बाध्यकारी अनुबंध होगी।

इस निविदा दस्तावेज़ के परिणाम की परवाह किए बिना, हम इस निविदा दस्तावेज़ की विषयवस्तु का किसी भी रूप में किसी अन्य उद्देश्य के लिए खुलासा/हस्तांतरण/साझा/ उपयोग नहीं करने का वचन देते हैं।

मैं/ हम हमारे द्वारा उद्धरित दरों के अनुसार सेवाएं प्रदान करने के लिए सहमत हैं।

मालिक/निदेशक के हस्ताक्षर

कार्यालय की मोहर/सील

स्थान:

दिनांक :

अनुलग्नक- V

ईएमडी हेतु बैंक गारंटी के लिए प्रारूप

ईएमडी के लिए यह बैंक गारंटी 50/ रुपये के गैर-न्यायिक स्टाम्प पत्र पर बैंक के पूरे डाक पते सहित टंकित की जानी चाहिए।

गारंटी संख्या:

राशि :

गारंटी कवर : से तक

दावा दाखिल करने की अंतिम तिथि:

सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स, जिसे इसके आगे लाभार्थी के रूप में संदर्भित किया जाएगा, का कार्यालय सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स परिसर, दिल्ली-110030 में है, ने एक निविदा (______________________________के लिए निविदा) निविदा संख्या. _______________________________________ जारी की है, जिसे इसके आगे निविदा के रूप में संदर्भित किया जाएगा, और मैसर्ज_______________________________________ (पक्ष का नाम एवं पता) की उपरोक्त वर्णित में भाग लेने की मंशा है, हम (बैंकर का नाम एवं पता) इस माध्यम से अपरिवर्तनीय रूप से वचन देते हैं और आपको गारंटी देते हैं कि संविदा बोलीकर्ता को प्रदान किए जाने की स्थिति में और बोलीकर्ता द्वारा निम्नलिखित धाराओं का निष्पादन करने में विफल रहने पर, हम लाभार्थी को क्षतिपूर्ति के रूप में______________ रुपये (____रुपये (शब्दों में) की अधिकतम राशि, निविदा दस्तावेज के निबंधन एवं शर्तों के अनुसार, संविदा की वैधता के दौरान जब भी हमसे लिखित में मांगी जाएगी, हम उसे प्रदान करने का वचन देते हैं।

1. यदि बोलीकर्ता संविदा के निबंधन एवं शर्तों के साथ संविदा को स्वीकार करने में विफल रहता है।
2. संविदा की स्वीकृति के बाद, यदि बोलीकर्ता संविदा के निबंधन एवं शर्तों के अनुसार सेवाओं को पूरा करने में विफल रहता है।
3. यदि बोलीकर्ता वैधता अवधि के दौरान निविदा वापस लेता है।
4. यदि बोलीकर्ता संविदा के निबंधन एवं शर्तों के अनुसार सेवाओं को पूरा करने में विफल रहता है या यदि बोलीकर्ता की ओर से किसी भी तरह की अक्षम्य देरी होती है, जो ईएमडी राशि का जब्त करने और निर्णीत हर्जाना लगाने या दोष के लिए संविदा को बंद/समाप्त करने का अधिकार दे सकती है।

हम, बैंक, आपकी निविदा के निबंधन एवं शर्तों का पालन करेंगे और मांग किए जाने पर और बिना किसी विलम्ब के, हम आपको अधिकतम .... रुपये (..................रुपये) तक की समस्त राशि का भुगतान करेंगे, जो बोलीकर्ता की ओर से ईएमडी के तौर पर इस बैंक गारंटी के रूप में आपको दी गई है। उपरोक्त वर्णित धाराओं के बावजूद, हम इस बात भी सहमति प्रकट करते हैं कि इस बात का निर्णय केवल लाभार्थी ही करेगा कि क्या बोलीकर्ता निविदा के निबंधन एवं शर्तों के अनुसार कार्य निष्पादन करने से सफल हुआ है या नहीं, जिन्हें लाभार्थी द्वारा विधिवत स्पष्ट किया गया है।

हम एतद् द्वारा वचन देते हैं कि जब लाभार्थी हानि या क्षति का हवाला देते हुए लिखित रूप से दावा प्रस्तुत करेगा, तो हम इस गारंटी के तहत बकाया और देय राशि का भुगतान बिना किसी आपत्ति के करेंगे। बैंक से की गई ऐसी कोई भी मांग निर्णायक होगी और राशि के संबंध में हमारे लिए बाध्यकारी होगी।पंजीकृत डाक के माध्यम से दावा प्रस्तुत करना इस बात का निर्णायक प्रमाण होगा कि लाभार्थी द्वारा हम पर दावा किया गया है।
हालांकि, इस गारंटी के तहत हमारी देनदारी राशि अधिकतम ______________________ रुपये(____________________________________रुपये) तक सीमित होगी।

हम इस बात पर भी सहमति प्रकट करते हैं कि हम पर किए गए दावे का निस्तारण लाभार्थी द्वारा दावा दाखिल करने की तिथि से 30 दिन की अवधि के भीतर कर दिया जाएगा।

हम इस बात से सहमत है कि इसमें गारंटी 6 महीने (छह महीने) की अवधि के लिए पूरी तरह प्रभावी रहेगी। छह महीने की अवधि समाप्त होने के बाद, एक महीने के भीतर जब तक हमसे लिखित में मांग नहीं की जाएगी, हम इस गारंटी के तहत अपनी समस्त देयता से मुक्त रहेंगे।

हम इस बात पर भी सहमति प्रकट करते हैं कि बैंक के संविधान या बोलीकर्ता में किसी भी प्रकार कर परिवर्तन होने पर इस गारंटी के तहत हमारी हमारी देयता को प्रभावित नहीं करेगा।

हम इस बात पर भी सहमति प्रकट करते हैं कि लाभार्थी को गारंटी के तहत हमारी हमारी देयता को किसी भी तरह प्रभावित किए बिना निविदा के किसी या समस्त निबंधन एवं शर्तों में बदलाव करने की पूरी स्वतंत्रता होगी।

इसमें पहले से अंतर्विष्ट होने के बावजूद, इस गारंटी के तहत हमारी देयता ________रुपये (____रुपये) तक सीमित रहेगी। यह गारंटी अधिकतम छह महीने (6 महीने) तक प्रभावी रहेगी। जब तक हमसे ____________ पर

या उससे पहले लिखित में मांग (छह महीने की अवधि समाप्त होने के बाद, एक महीने(तिथि) तक नहीं की जाएगी, इस गारंटी के तहत आपके सभी अधिकार ज़ब्त हो जाएंगे और हम इस गारंटी के तहत सभी देनदारियों से मुक्त और छुटकारा प्राप्त करेंगे।

अंत में हम वचन देते हैं कि हम लाभार्थी से लिखित में पूर्व सहमति प्राप्त किए बिना उपरोक्त निविदा/ निविदा संविदा के जुर्माने के दौरान इस गारंटी को रद्द नहीं करेंगे।
वैध तिथि समाप्त होते ही मूलभूत गारंटी तत्काल हमें लौटा देनी चाहिए।
………… 2019 के ....दिन बैंक की सामान्य मुहर के साथ मुहरबंद

दिनांक :

स्थान:

के लिए
(बैंकर्स का नाम)

मोहर, पता

अनुलग्नक- VI

<u>संविदा प्रदान किए जाने पर जमा कराई जाने वाली</u>
<u>निष्पादन बैंक गारंटी (पीबीजी)के लिए प्रारूप</u>
<u>निष्पादन बैंक गारंटी</u>

गारंटी संख्या:

राशि :

गारंटी कवर : से तक

दावा दाखिल करने की अंतिम तिथि:

इस बात पर विचार करते हुए कि सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स, जिसका कार्यालय सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स परिसर, दिल्ली-110030 में है, जिसे इसके आगे क्रेता के रूप में संदर्भित किया जाएगा, ने हमारे संघटकों मैसर्ज ___________________________ (आपके संगठन का नाम), जिसे इसके आगे संविदाकार के रूप में संदर्भित किया जाएगा, जिसका कार्यालय (आपके कार्यालय का पता) में है, को आपूर्ति और संस्थापन के लिए (दिए गए ऑर्डर का संक्षिप्त विवरण देते हुए) आर्डर दिया(दिए) : 1. (ऑर्डर संख्या और तिथि) 2. (ऑर्डर संख्या और तिथि) और हमारे संघटकों ने वारंटी अवधि के दौरान संविदा का निष्ठापूर्वक निष्पादन करने का वचन दिया है, जैसा कि उपरोक्त वर्णित क्रय आदेश (आदेशों) में उल्लिखित है, हम (बैंकर्स का नाम और पता), एतद् द्वारा स्वयं को उनके गारंटीकर्ता के रूप में बाध्य करते हैं और क्रेताओं और उनके उत्तराधिकारियों और निर्देशितों के प्रति जिम्मेदार रहने तथा समस्त या किसी भी प्रकार के नुकसान, क्षति, लागत, शुल्क और व्यय के लिए किसी भी राशि का भुगतान करने का वचन देते हैं, जो संभवत: संविदाकार द्वारा दायित्वों का निष्ठापूर्वक निष्पादन करने और उपरोक्त संविदा में उल्लिखित वचन के प्रावधान के तहत बकाया या देय राशि हो, हालांकि क्रेता द्वारा हमसे वसूल की जाने वाली कुल राशि ....रुपये (.......................रुपये) (गारंटी की राशि का उल्लेख किया जाए) उक्त क्रय आदेश के तहत देय होगी। हम ....(बैंकर्स का नाम और पता), एतद् द्वारा बिना शर्त और अपरिवर्तनीय रूप से बिना किसी आपत्ति और क्रेता के प्रति बिना किसी बाद की देयता के.....................रुपये (...........................रुपये) तक की गारंटी की राशि क्रेता द्वारा संविदाकार द्वारा संविदा के तहत अपने दायित्वों के निर्वहन में विफल रहने के आधार पर पहली बार लिखित में किए गए भुगतान के दावे पर भुगतान की गारंटी देते हैं।

हम एतदद्वारा सहमत हैं कि पंजीकृत डाक के माध्यम से दावा प्रस्तुत करना इस बात का निर्णायक प्रमाण होगा कि दावा प्रस्तुत किया गया है।

हम यह भी वचन देते हैं कि दावे का निस्तारण, दावा दाखिल करने की तिथि से 30 दिन की अवधि के भीतर कर दिया जाएगा।
यह गारंटी नोटिस या किसी अन्य प्रकार से खंडन करने योग्य नहीं होगी और यह बिना शर्त तथा बिना बाद की देयता के होगी और जब तक संविदाकार संविदा के तहत अपने सभी दायित्वों की पूर्ति नहीं कर देता, तब तक प्रतिभूति के रूप में हमारी देयता कम प्रभावी अथवा मुक्त नहीं होगी तथा क्रेता, संविदाकार या बैंक के संविधान में किसी तरह के बदलाव से प्रभावित नहीं होगी।

इसमें पहले से अंतर्विष्ट होने के बावजूद, इस गारंटी के तहत हमारी देयता ________रुपये (____रुपये) तक सीमित रहेगी और तब तक प्रभावी रहेगी (गारंटी की अंतिम तिथि), जब तक हमसे उपरोक्त उल्लिखित तिथि से एक महीने के भीतर ले लिखित में मांग या दावा नहीं किया जाता अर्थात पहले (गारंटी कवर की अंतिम तिथि से एक महीने की तिथि) इस गारंटी के तहत आपके सभी अधिकार ज़ब्त हो जाएंगे और हम इस गारंटी के तहत सभी देनदारियों से मुक्त और छुटकारा प्राप्त करेंगे।

के लिए

तारीख: (बैंकर्स का नाम)

स्थान: पता और सामान्य मुहर,

****